# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक : सीएफओ/भवन--निरीक्षण/21/874/2026 दिनांक : 16/04/2026

सेवा में,

स्वामी/प्रबन्धक
मेसर्स डॉ. पी. आर. वसन पब्लिक स्कूल,
13/34, गोविंद नगर,
कानपुर नगर।

विषय : भूखण्ड संख्या 13/34, गोविंद नगर, कानपुर नगर पर संचालित मेसर्स डॉ. पी. आर. वसन पब्लिक स्कूल भवन में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण।

सन्दर्भ : फायर सर्विस मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक एफएस--1770--2020 दिनांक 03.01.2021 एवं शासनादेश सं0--1975/छः--पु0--8--16--801(45)/216 दिनांक 09.12.2016

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र दिनांकित निल का अवलोकन करें, जिसके द्वारा भूखण्ड संख्या 13/34, गोविंद नगर, कानपुर नगर पर संचालित मेसर्स डॉ. पी. आर. वसन पब्लिक स्कूल भवन में मॉक ड्रिल कराकर स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें निम्न अग्नि सुरक्षा व्यवस्थायें पायी गयी :--

1. उक्त भवन पर्याप्त चौड़े मार्ग पर स्थित है, जहाँ पर अग्निशमन वाहन सुगमतापूर्वक आवागमन कर सकते हैं।
2. विद्यालय भवन परिसर में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्था आई0एस0 2190--1992 के अनुसार कार्यशील दशा में उपलब्ध पायी गयी।
3. विद्यालय भवन में विद्युत भार के अनुसार एम0सी0वी0/ई0एल0सी0वी0 का प्रावधान किया गया है।
4. विद्यालय भवन में धुम्रपान निषेध के बोर्ड लगे उपलब्ध पाये गये।
5. विद्यालय भवन में कार्यरत स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के संचालन का मॉक ड्रिल / प्रक्षिशण प्रदान किया गया है।
6. विद्यालय भवन में अग्निशमन व्यवस्था/प्रणाली को संचालन हेतु एक प्रशिक्षित कर्मी को नियुक्त करना अनिवार्य होगा।
7. विद्यालय भवन में ढाँचागत एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थायें एन0बी0सी0 2016 में दिये गये मानकों के अनुसार वांछनीय होगी तथा ऑन लाईन एन0ओ0सी0 के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश दिनांकित 16.02.2018 में वर्णित निर्देशों के अनुरूप ऑन लाईन प्रमाण--पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा।

अतः उक्त भवन में स्थापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षणोपरांत उनकी कार्यशीलता का सत्यापन किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि समय--समय पर उक्त भवन में मॉकड्रिल कराते हुए स्थापित अग्निशमन व्यवस्थायें सदैव कार्यशील दशा में रखना सुनिश्चित करेंगे।

16/04/2026
(एम0पी0सिंह)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
कानपुर नगर
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
कानपुर नगर।

प्रतिलिपि : अग्निशमन अधिकारी, फजलगंज, कानपुर नगर को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।